संख्या 5-3/2021-2022- पी.आर.

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

महानगर दूरसंचार भवन

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पुराना मिंटो रोड, नई दिल्ली- 110 002

दिनांक 14 मई, 2021

**सीमित निविदा पूछताछ**

प्रेषिति

------------------------

------------------------

------------------------

विषय : **भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, मुख्यालय, नई दिल्ली को दैनिक आधार पर संपूर्ण विश्व को कवर करते हुए (i) दूरसंचार और (ii) प्रसारण दोनों क्षेत्रों से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय समाचार पत्र की कतरने (क्लिपिंग) उपलब्ध कराने के लिए किसी एजेन्सी की सेवाएं प्राप्त करने के लिए सीमित निविदा पूछताछ**

अधोहस्ताक्षरी को भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, मुख्यालय, नई दिल्ली को दैनिक आधार पर संपूर्ण विश्व को कवर करते हुए दूरसंचार के साथ- साथ प्रसारण दोनों क्षेत्रों से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय समाचार पत्र की कतरने (क्लिपिंग) उपलब्ध कराने के लिए किसी एजेन्सी की सेवाएं प्राप्त करने हेतु नीचे उल्लिखित निबंधन और शर्तों पर सीमित निविदा पूछताछ/ बोलियां आमंत्रित करने हेतु निदेश हुआ है। यदि आप भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण को उपरोक्त सेवाएं प्रदान करने के इच्छुक हैं, तो आपसे अनुरोध है कि आप सेवाएं प्रदान करने के लिए अपने प्रस्ताव/बोलियों को सीलबंद कवर आवरण में अधोहस्ताक्षरी के नाम से भेजें । भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के **वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (जन संपर्क) के नाम से सीलबंद सीमित निविदा पूछताछ/ बोलियां, महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, पुरानी मिंटो रोड, नई दिल्ली-110002**, **जिसपर** ''दैनिक आधार पर संपूर्ण विश्व को कवर करते हुए दूरसंचार के साथ- साथ प्रसारण दोनों क्षेत्रों से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय समाचार पत्र की कतरने (क्लिपिंग) उपलब्ध कराने के लिए किसी एजेन्सी की सेवाएं प्राप्त करना'' **स्पष्ट रूप से उल्लिखित किया गया हो** और जो **दिनांक 14 जून, 2021 को अपराह्न 3:00 बजे** तक इस कार्यालय में पहुंचना चाहिए। बोलीदाताओं को परामर्श दिया जाता है कि वे एलटीई दस्तावेज को सावधानीपूर्वक पढें और उनके निहितार्थों के साथ-साथ उसमें विनिर्दिष्ट विभिन्न उपबंधों को समझें। **प्रस्ताव/ बोली दस्तावेजों को निम्नलिखित तरीके से संलग्न किया जाना चाहिए अर्थात् (1) ईएमडी, (2) सभी सहायक दस्तावेजों के साथ अनुलग्नक- क (बोलीदाता का विवरण), बोलीदाता द्वारा विधिवतरूप से हस्ताक्षरित सीमित निविदा पूछताछ की प्रति, (3) अनुलग्नक- ख (दर की अनुसूची) आदि ।**

2. सीमित निविदा पूछताछ/ बोली को निविदा मूल्यांकन समिति (टीईसी) द्वारा दिनांक 14 जून, 2021 को अपराह्न 04:00 बजे **भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण सम्मेलन कक्ष, तीसरा तल, महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, पुराना मिंटो रोड, नई दिल्ली-110002** में निविदाकर्ताओं या उनके प्रतिनिधि, जो उपस्थित रहना चाहते हैं, की मौजूदगी में खोला जाएगा। **कोविड-19 के कारण, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सीमित निविदा पूछताछ को खोलने पर भी विचार किया जाएगा।** यदि सीमित निविदा पूछताछ खोलने की तिथि के दिन भारत सरकार द्वारा अवकाश घोषित कर दिया जाता है तो सीमित निविदा पूछताछ को अगले कार्य दिवस पर उसी स्थान और स्थल पर अपराह्न 04:00 बजे खोला जाएगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि अनुबंध की अवधि के दौरान फर्म द्वारा प्रदान की गई सेवाएं संतोषजनक नहीं पाई जाती हैं, तो अनुबंध को बिना किसी सूचना के रद्द किया जा सकता है। फर्म का पैनलबद्ध किया जाना आगे निम्नलिखित निबंधन और शर्तों के अध्यधीन है:-

## निबंधन और शर्तें

1. अंतिम तिथि और समय के पश्चात् तथा बिना सील कवर, बिना सभी सहायक/ अनिवार्य दस्तावेजों सहित अनुलग्नक-क (बोलीदाताओं का ब्योरा), अनुलग्नक- ख (दरों की अनुसूची) में दिए गए प्ररूप में दरों को उद्धृत नहीं किए जाने पर सीमित निविदा पूछताछ/ बोलियों को मूल्यांकन के लिए स्वीकार/ विचार नहीं किया जाएगा।

2. फर्म का दिल्ली/ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में संपर्क कार्यालय होना चाहिए।

3. फर्म को दैनिक आधार पर सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों/ मंत्रालयों/ कारपोरेट घरानों में अंतर्राष्ट्रीय समाचार पत्रों की कतरने (क्लिपिंग) उपलब्ध कराने का कम से कम दो वर्षों का अनुभव होना चाहिए। सीमित निविदा पूछताछ/ बोलियों के साथ अनिवार्य सहायक दस्तावेज भी संलग्न किए जाने चाहिए, ऐसा नहीं करने पर प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. सीमित निविदा पूछताछ/ बोली के साथ पैन कार्ड/ जीएसटी नम्बर की एक प्रति भी होनी चाहिए, ऐसा नहीं किए जाने पर प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा।

### धरोहर जमा राशि

5. निविदाकर्ता को **भादूविप्रा के पक्ष में नई दिल्ली में देय, पे- आर्डर अथवा डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से धरोहर जमा राशि के रूप में 14,000 रुपये (केवल चौदह हजार रुपये) की राशि जमा करनी अपेक्षित होगी।**

6. एमएसएमईडी अधिनियम, 2006 के मामले में एमएसएमईडी अधिनियम, 2006 के तहत पंजीकृत संस्थाओं को धरोहर जमा राशि से छूट उपलब्ध होगी। बोलीदाता को सीमित निविदा पूछताछ/ बोली के साथ एमएसएमई प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा, ऐसा नहीं किए जाने पर प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा ।

14/05/2021
दिनेश सिंह धनिक/DINESH SINGH DHANIK
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी
Senior Research Officer
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
Telecom Regulatory Authority of India
नई दिल्ली/New Delhi-110002

7. इस आशय का स्व-प्रमाण पत्र, कि निविदाकर्ता को केन्द्रीय/ राज्य सरकार/ सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया है अथवा खराब निष्पादन के कारण इसके अनुबंधों को समाप्त नहीं किया गया है, को सीमित निविदा पूछताछ/ बोली के साथ संलग्न किया जाए, ऐसा नहीं किए जाने पर प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा ।
8. बोलीदाता द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित सीमित निविदा पूछताछ की मुहर सहित एक संपूर्ण प्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न की जानी चाहिए।
9. प्रारंभिक चरण में, करार के प्रारंभ की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध किया जाएगा। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, भादूविप्रा के एकमात्र विवेकाधिकार पर पारस्परिक रूप से स्वीकार्य निबंधन और शर्तों तथा दरों पर एक या अधिक वर्षों की अवधि के लिए इसे बढ़ा सकता है । ***एल-1 बोलीदाता को ठेका दिया जाएगा। एक समान दरें उद्धृत किए जान की स्थिति में, अधिक अनुभव रखने वाली फर्मों को ठेका दिया जाएगा।***

बोलियों की वैधता की अवधि:-

बोली, इसे प्राप्ति की अंतिम तिथि से स्वीकृति हेतु 90 दिनों की अवधि के लिए वैध और खुली रहेगी। कम अवधि के लिए वैध बोली को क्रेता द्वारा अप्रतिक्रियात्मक बोली के रूप में अस्वीकार कर दिया जाएगा।

10. किसी भी कारण से उद्धृत/स्वीकृत दरों में परिवर्तन करने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

11. किसी भी रूप में अनुयाचन करना सख्त मना है। ऐसा निविदाकर्ता जो इस प्रकार से अनुयाचन करता है, उसकी बोली निविदा को पूरी तरह से खारिज कर दिया जाएगा।

12. दरों को मिटाए और उपरिलेखन के बिना उद्धृत किया जाना चाहिए और दरों में किए गए किसी भी त्रुटि सुधार के लिए निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षर किया जाना अपेक्षित होगा अन्यथा निविदा को पूर्णरूप से अस्वीकार कर दिया जाएगा।

13. भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण का सक्षम प्राधिकारी किसी भी या सभी दरों की बोलियों को बिना किसी कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण सबसे कम निविदा स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है ।

14. टीईसी द्वारा अनुशंसित फर्म को कार्य आदेश (वर्क ऑर्डर) जारी किया जाएगा और भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण में सक्षम प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित किया जाएगा।

15. सफल बोलीदाता, नीचे बताए गए और अनुलग्नक- ख (दरों की अनुसूची) में यथा उल्लिखित कार्य करेगा। बोलीदाता प्रतिदिन, पीडीएफ प्रारूप में आवश्यक समाचार पत्र की क्लिपिंग उपलब्ध कराएगा और इसे दोपहर 12 बजे से 01 बजे के बीच साझा किया जाएगा। क्लिपिंग को निम्नलिखित दो खंडों में विभाजित किया जाएगा। (i) दूरसंचार (ii) प्रसारण। दैनिक रिपोर्ट का समय क्षेत्र आधार पर पिछले दिन (शेष) की कवरेज और आज का कवरेज आधार होगा:



| प्रकाशन | देश |
|---|---|
| द वॉल स्ट्रीट जर्नल | अमेरिका |
| यूएसए टूडे | |
| वाशिंगटन पोस्ट | |
| एलए टाइम्स | |
| एनवाई टाइम्स | |
| सेन फ्रासिस्को क्रानिकल | |
| द गार्जियन | |
| डेट्राईट न्यूज | |
| मेट्रो यूके | यूनाईटेड किंग्डम |
| डेली मेल | |
| स्ट्रेट टाइम्स | सिंगापुर |
| बिजनस टाइम्स | |
| डेली टेलीग्राफ | आस्ट्रेलिया |
| द्यूशे वैले | जर्मनी |
| द चाइना डेली | हांग- कांग |

16. यदि फर्म विनिर्धारित समय से उपर्युक्त कार्य को प्रस्तुत नहीं करेगी, तो उस पर 500 रुपये प्रति दिवस का जुर्माना लगाया जाएगा ।

17. उक्त कार्य के लिए बिल लगाए जाने पर फर्म को मासिक आधार पर भुगतान किया जाएगा।

18. भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण पुन: निविदा आमंत्रित करने अथवा निविदा की निबंधन और शर्तों को आशोधित करनेका अधिकार सुरक्षित रखता है।

19. संविदा/ कार्य आदेशों के परिणामस्वरूप पैदा हुए विवाद, यदि कोई हों तो, के लिए केवल दिल्ली स्थित न्यायालयों द्वारा ही न्यायिक न्यायनिर्णयणन किया जाएगा।




**(दिनेश सिंह धानिक)**
**वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (जनसंपर्क)**
**मोबाइल नम्बर -9971034198**
**ई-मेल- SROPR@trai.gov.in**

<u>अनुलग्नक- क</u>

**बोलीदाता का विवरण**


(फर्म/ कंपनी के लैटर हैड पर दिया जाए)

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | सेवा प्रदाता/ फर्म/ कंपनी का नाम और पूरा पता<br>(पते के प्रमाण सहित) | |
| **2.** | स्वामी का नाम/ प्राधिकृत निदेशक का नाम | |
| **3.** | पैन नम्बर (प्रति संलग्न करें) | |
| **4.** | जीएसटी नम्बर (प्रति संलग्न करें) | |
| **5.** | लैंडलाइन टेलीफोन नम्बर<br>फैक्स नम्बर<br>मोबाइल नम्बर | |
| **6.** | ई-मेल आईडी | |
| **7.** | कंपनी पंजीकरण सीआईएन नम्बर (प्रति संलग्न करें) | |
| **8.** | एमएसएमई पंजीकरण ब्योरा (प्रति संलग्न करें) | |
| **9.** | व्यापार आरंभ करने की तिथि<br>(प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए आईटीआर की प्रति संलग्न करें | |
| **10.** | अनुभव (वर्ष में)<br>(सहायक दस्तावेज संलग्न करें) | |
| **11.** | बड़े ग्राहकों की सूची<br>(संविदा की प्रति तथा विवरण को संलग्न करें) | |
| **12.** | क्या फर्म/ कंपनी को किसी कंपनी अथवा ठेके से खराब निष्पादन के चलते काली सूची में डाला गया है<br>(स्व- प्रमाणपत्र को संलग्न करें) | |
| **13.** | निष्पादन रिपोर्ट, यदि कोई हो तो (प्रति संलग्न करें) | |
| **14.** | चालू ठेकों का विवरण (प्रति संलग्न करें) | |
| **15.** | संविदा प्रदान किए जाने हेतु क्ष्ामता का मूल्यांकन करने के लिए कोई अन्य जानकारी | |
| **16.** | ईएमडी संबंधी विवरण | |
| **17.** | एलटीई की विधिवत् रूप से हस्ताक्षरित प्रति | |

निविदाकर्ता का नाम और हस्ताक्षर सहित मुहर

स्थान:-

दिनांक:- / / 2021



**<u>अनुलग्नक- ख</u>**

## <u>दरों की अनुसूची</u>

(फर्म/ कंपनी के लैटर हैड पर दिया जाए)

| क्रम संख्या | किए जाने हेतु अपेक्षित कार्य | दर प्रतिमाह (रुपये में) | लागू कर | प्रतिमाह कुल लागत (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ =ग+घ |
| | | | | |
| **1** | सीमित निविदा पूछताछ की निबंधन और शर्तों के बिंदु संख्या 16 के अनुरूप दैनिक आधार पर संपूर्ण विश्व को कवर करते हुए दूरसंचार के साथ- साथ प्रसारण क्षेत्रों से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय समाचार पत्र की कतरने (क्लिपिंग) उपलब्ध कराना | … प्रतिशत की दर से जीएसटी<br>… प्रतिशत की दर से आईजीएसटी<br>**<u>कुल कर</u>**<br>…….. रुपये | | |

शब्दों में प्रति माह कुल लागत

रुपये …………… ……………………………………………………………………….. मात्र

निविदाकर्ता का नाम और हस्ताक्षर सहित मुहर

स्थान:-

दिनांक:- / / 2021




**<u>अस्वीकरण: यह निविदा मूल रूप से अंग्रेजी में लिखित निविदा का हिंदी अनुवाद है। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित यह निविदा मान्य होगी।</u>**